प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

28 जून 2023

भारतीय रिज़र्व बैंक ने वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट, जून 2023 जारी की

आज, रिज़र्व बैंक ने वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) का 27वां अंक जारी किया, जो वित्तीय स्थिरता के जोखिमों और वित्तीय प्रणाली की आघात सहनीयता पर वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (एफएसडीसी) की उप-समिति के सामूहिक मूल्यांकन को दर्शाता है।

मुख्य बातें:

- वैश्विक अर्थव्यवस्था कुछ देशों में बैंकिंग प्रणाली की कमजोरी, निरंतर जारी भू-राजनीतिक तनाव और कम लेकिन उच्च मुद्रास्फीति के बीच अत्यंत अनिश्चितता का सामना कर रही है।

- वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, भारतीय अर्थव्यवस्था और घरेलू वित्तीय प्रणाली आघात-सहनीय बनी हुई है, जिसे समष्टि-आर्थिक मूल तत्व द्वारा समर्थन प्राप्त है।

- निरंतर संवृद्धि की गति, मुद्रास्फीति में कमी, चालू खाता घाटे में कमी और विदेशी मुद्रा आरक्षित निधि में बढ़ोत्तरी, निरंतर राजकोषीय समेकन और एक सुदृढ़ वित्तीय प्रणाली अर्थव्यवस्था को सतत संवृद्धि के रास्ते पर स्थापित कर रही है।

- बैंकों और कॉरपोरेट्स के सुदृढ़ तुलन-पत्र एक नए ऋण और निवेश चक्र को उत्पन्न कर रहे हैं और अर्थव्यवस्था की संभावनाएं उज्ज्वल हो रही है।

- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) का पूंजी की तुलना में जोखिम- भारित आस्ति अनुपात (सीआरएआर) और सामान्य इक्विटी टियर 1 (सीईटी 1) अनुपात, मार्च 2023 में क्रमशः 17.1 प्रतिशत और 13.9 प्रतिशत के ऐतिहासिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

- एससीबी की सकल अनर्जक आस्ति (जीएनपीए) अनुपात में गिरावट जारी रही और यह मार्च 2023 में 3.9 प्रतिशत पर 10 वर्षों के निचले स्तर पर पहुँच गई तथा निवल अनर्जक आस्तियां (एनएनपीए) अनुपात घटकर 1.0 प्रतिशत रह गया।

- ऋण जोखिम के लिए समष्टि तनाव परीक्षणों से पता चलता है कि एससीबी गंभीर तनाव परिदृश्यों में भी न्यूनतम पूंजी आवश्यकताओं का अनुपालन करने में सक्षम होंगे। बेसलाइन, मध्यम और गंभीर तनाव परिदृश्यों के अंतर्गत मार्च 2024 में जोखिम- भारित आस्ति अनुपात (सीआरएआर) की तुलना में प्रणाली- स्तर पूंजी क्रमशः 16.1 प्रतिशत, 14.7 प्रतिशत और 13.3 प्रतिशत पर होने का अनुमान है।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/493